हवाई यात्रा के लिये मांग में वृद्धि

2002. **श्री राम जेठ मलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत कुछ वर्षों में हवाई यात्रा की मांग में 12 प्रतिशत वार्षिक की दर से वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस अवधि के दौरान हवाई यात्रा की मांग के अनुसार हवाई यात्रियों को स्थान उपलब्ध कराने की व्यवस्था नहीं की जा सकी ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि यथेष्ठ व्यवस्था के अभाव में माल ढुलाई के कार्य में भी इन दिनों व्यवधान पड़ा है ; और

(ङ) यदि हां, तो आवश्यकताओं के अनुसार हवाई यात्रा में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा तैयार की गई त्वरित एवं दीर्घगामी योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल): (क) से (ग) इंडियन एयरलाइन्स ने सातवीं योजना अवधि के दौरान अपने नेटवर्क में 10.4 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से विमान यातायात में वृद्धि का अनुमान लगाया है । योजना के अनुसार विमानों के लीज पर उपलब्ध न होने के कारण इंडियन एयरलाइंस गत दो वर्षों के दौरान विमान क्षमता की कमी का सामना कर रही है । तथापि, इंडियन एयरलाइंस ने विमानों को लीज पर लिया है और स्थिति बेहतर हो गई है । इंडियन एयरलाइंस ने 19 एयरबस ए320 विमानों के लिए आर्डर दिया है और जून, 1989 के आगे से इन विमानों की सुपुर्दगी चरणबद्ध तरीके से शुरू हो जाएगी ।

(घ) और (ङ) इंडियन एयरलाइंस ने कार्गो क्षमता का उपयोग नहीं किया है । गत तीन वर्षों के दौरान यातायात में वृद्धि की आवश्यकता को पूरा करने के लिए इंडियन एयरलाइन्स ने एक एयरबस और छः बोइंग 737 विमानों को लीज पर लेकर अपने बेड़े में शामिल किया है । इसके अतिरिक्त, इसने मैसर्स एरोफ्लोट के साथ एक टी० यू०-154 और एक आई एल-62 एम विमान को बेट लीज पर लेने के लिए भी करार किया है । इसने लगभग 1000 घंटे प्रति वर्ष की विमान क्षमता के लिए भी ड्रुक एयर से बी० ए०ई०-146 विमान और सप्ताह में दो बार काबुल-दिल्ली-काबुल सेवा के परिचालन के लिए एरिना अफगान के टी०यू०-154 एम विमान लीज पर लिए हैं ।

Tribal Allowance to Employees of Kendriya Vidyalaya Sangathan

2003. SHRI GURUDAS DAS GUPTA :
DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY :

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have been paying Tribal Allowance to its employees who are posted in Tribal areas;

(b) whether Kendriya Vidyalaya Sangathan is also paying this allowance to its employees posted in such areas ; and

(c) if so, what are the details thereof and if not, what are the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN